उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग

आयोग भवन, हरिद्वार–249404

दूरभाषः 01334–244282, फैक्सः 244282

वैबसाइटः www.psc.uk.gov.in

पत्रांक :: 47 / 45 / उ.कु.प्रसा. / डी0ई0ओ0 परीक्षा–2023 / गोपन–3/2023–24 **दिनांक : 16.06.2023**

विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि दिनांकः 07 जून, 2023 को आयोजित **डाटा एन्ट्री ऑपरेटर परीक्षा–2023 के कम्प्यूटर साइंस एवं उत्तराखण्ड से संबंधित सामान्य अध्ययन(वस्तुनिष्ठ प्रकार)** की चारों सीरीज (A, B, C & D) की उत्तरकुंजी को उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग की वेबसाइट **www.psc.uk.gov.in** पर अभ्यर्थियों के सूचनार्थ प्रसारित कर दिया गया है। यदि किसी अभ्यर्थी को चारों सीरीज के किसी प्रश्न एवं उत्तर विकल्प पर कोई आपत्ति है तो वह आयोग की वेबसाईट पर **Online Answer Key Objection** हेतु दिये गये लिंक पर जाकर अपनी आपत्तियों को आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार **दिनांक :: 17 जून, 2023 से 23 जून, 2023 (समय रात्रि के 23:59:59 बजे तक)** तक दर्ज करा सकते हैं। अभ्यर्थी द्वारा प्रति–प्रश्न आपत्ति के सापेक्ष निर्धारित शुल्क रू0 50.00 का भुगतान करना होगा।

आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध लिंक **Online Answer Key Objection** के अतिरिक्त ई–मेल, डाक अथवा अन्य किसी माध्यम से प्रेषित आपत्तियों पर विचार नहीं किया जायेगा। उक्त के अतिरिक्त अभ्यर्थी द्वारा अन्तिम तिथि के उपरान्त प्रेषित आपत्तियों तथा प्रति–प्रश्न आपत्ति के सापेक्ष निर्धारित शुल्क रू0 50.00 का भुगतान नहीं किये जाने की दशा में प्रस्तुत आपत्तियों पर भी कोई विचार नहीं किया जाएगा। उत्तर कुंजी के सापेक्ष आपत्ति दर्ज किये जाने से पूर्व आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध दिशा–निर्देश सम्बन्धी विस्तृत **पत्रांक :: 46 / 45 / उ.कु.प्रसा. / डी0ई0ओ0 परीक्षा–2023 / गोपन–3 / 2023–24 दिनांक : 16.06.2023** का अध्ययन अवश्य कर लें।

-SD-

(अवधेश कुमार सिंह)
परीक्षा नियंत्रक।